March 2024





बी एच ई एल
BHEL
HEP, BHOPAL

# DAILY PRESS CLIPPINGS












**Publicity & Public Relations**



| Date | Wednesday, March 27, 2024 |
|---|---|

| S no. | Pub. | Details | P no. |
|---|---|---|---|
| 1 | RAJ EXPRESS | CORPORATE RELATED NEWS | 4 |
| 2 | THE HITAVADA | VANDE BHARAT TRAIN RELATED NEWS | 8 |
| 3 | RAJ EXPRESS | VANDE BHARAT TRAIN RELATED NEWS | 4 |
| 4 | PEOPLES SAMACHAR | VANDE BHARAT TRAIN RELATED NEWS | 5 |
| 5 | RAJ EXPRESS | RETIREMENT RELATED NEWS | 4 |
| 6 | SWADESH | AWARD RELATED NEWS | 4 |
| 7 | RAJ EXPRESS | UNION RELATED NEWS | 4 |

# TODAY'S CLIPPINGS



# RAJ EXPRESS

| Pub. Date | 27/03/2024 |
| --- | --- |
| Page no. | 4 |
| Journalist | BHOPAL |

## बीएचईएल के ईडी राजीव को कॉरपोरेट क्वालिटी व राहुल को मिला पीएस विभाग

**भेल।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड भेल में चार कार्यपालक निदेशक और पांच महाप्रबंधकों के विभागों में फेरबदल किया गया है। बीएचईएल भोपाल कॉडर के ईडी राजीव सिंह को बंगलुरू की एचएमटी कंपनी से दिल्ली कॉरपारेट ऑफिस में ईडी (ओएसडी) बनाकर भेजा गया था लेकिन कॉरपोरेट ऑफिस ने उनकी सेवाओं का बेहतर उपयोग करने के लिए उन्हें ईडी कॉरपोरेट क्वालिटी एंड बिजिनेस एक्सलेंस का काम सौंपा गया है । पहले इस विभाग का काम संभाल रहे ईडी राहुल बंसल को पॉवर सेक्टर हेड क्वार्टर भेजा गया है । इसी तरह ईडी नवीन सक्सेना पॉवर सेक्टर नार्थ रिजन, प्रोजेक्ट डायरेक्टर व ईडी एसडी गोस्वामी को कॉरपोरेट ऑफिस,महाप्रबंधक दीपेश पलीट पीएस पीईएम नोयडा, महाप्रबंधक हरीश कुमार जीएम विजिलेंस कॉरपोरेट ऑफिस, देवेश चंद्रा पीएसएसआर चेन्नई, सुशांत कुमार मंडल पीएसएसआर चेन्नई, महाप्रबंधक संजय गुहा को पीएसईआर कोलकत्ता भेजा गया है ।

| THE HITAVADA | Pub. Date | 27/03/2024 |
| --- | --- | --- |
| | Page no. | 2 |
| | Journalist | BHOPAL |

# BHEL inaugurates new testing platform for Vande Bharat train sets

■ Staff Reporter

IN A significant development for India's rail infrastructure, Bharat Heavy Electricals Limited (BHEL), Bhopal, recently marked a milestone with the inauguration of a cutting-edge testing platform for combined system testing at the Center for Electric Transportation (CET). S M Ramanathan, Executive Director of BHEL, Bhopal, graced the occasion with his presence, highlighting the importance of this achievement. The newly-constructed testing platform is tailored specifically for the testing set-up of Vande Bharat train sets, reflecting BHEL's commitment to innovation and meeting the evolving needs of Indian Railways. This initiative aligns with the recent order BHEL secured for more than 50 Vande Bharat train set coaches and propulsion systems from Indian Railways, underscoring the company's pivotal role in advancing the nation's rail sector. During the inauguration, among the dignitaries present were R F Siddiqui, General Manager of Transportation (TPTN) & CET, Akash Dani, General Manager of TPTN EG & CET, Avinash Chandra, General Manager of WEX, MOD & LGX, Alok Sengar, General Manager of Fabrication, and Additional General Managers Indranil Chattopadhyay and M K Bhagat from CET, along with officers and employees from the FCX Department.

Reportedly, BHEL has recently received an order for 80 Vande Bharat coaches and propulsion systems from the Indian Railways. It has been decided to do the Combined System Testing, in the CET lab. Creating Vande Bharat Combined System Testing in place of MCF test set-up was a very challenging task in itself. But on demand from customer and site, additional set-up for Vande Bharat has been given shape in the lab in addition to MCF and 20 sets non AC EMU (Electric Multiple Unit) project, CET in just less than a month.

Moreover, BHEL exhibited resourcefulness by incorporating old fabrication items from the plant into the new set-up, a gesture that garnered praise from Ramanathan. During his inspection, Ramanathan also reviewed the preparations for testing 16 newly manufactured motors, reaffirming BHEL's commitment to ensuring top-notch quality and efficiency in its operations.



BHEL recently inaugurated the newly-constructed testing platform for combined system testing for test set-up of Vande Bharat train sets at the Center for Electric Transportation (CET).

| RAJ EXPRESS | Pub. Date | 27/03/2024 |
|---|---|---|
| | Page no. | 4 |
| | Journalist | BHOPAL |

# ईडी ने किया वंदे भारत ट्रेन सेटों के टेस्ट सेटअप के लिए कम्बाइंड सिस्टम टेस्टिंग का उद्घाटन

भेल। एसएम रामनाथन कार्यपालक निदेशक, बीएचईएल ने सेंटर फॉर इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन (सीईटी) में वंदे भारत ट्रेन सेटों के टेस्ट सेटअप के लिए कम्बाइंड सिस्टम टेस्टिंग के लिए नव निर्मित टेस्टिंग प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आरएफ सिद्दीकी महाप्रबंधक, आकाश दानी महाप्रबंधक, अविनाश चंद्रा, महाप्रबंधक, आलोक सेंगर, महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक इंद्रनील चट्टोपाध्याय, अपर महाप्रबंधक एमके भगत एवं टीपीटीएन और एफसीएक्स विभाग से अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे। बीएचईएल को हाल ही मे भारतीय रेल द्वारा वंदे भारत के 80 ट्रेन सेट कोच एवं प्रोपल्सन सिस्टम के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इसके लिए कम्बाइन्ड सिस्टम टेस्टिंग, सीईटी लैब में करना तय किया गया है। एमसीएफ टेस्टसेट-अप की जगह वंदे भारत कम्बाइन्ड सिस्टम टेस्टिंग बनाना अपने आप में अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य था। लेकिन कस्टमर और साइट की मांग पर एमसीएफ और 20 सेट नॉन एसी ईएमयू प्रोजेक्ट को जारी रखते हुए वंदे भारत के



लिए अतिरिक्त सेट-अप सिर्फ एक महीने से कम समय मे सीईटी लैब में तैयार कर लिया गया। बीएचईएल के एफसीएक्स और सीईटी विभाग द्वारा प्लांट में पड़े पुराने फेब्रिकेशन आईटम जोड़ कर कड़ी मेहनत से इसे तैयार किया गया, जिसकी श्री रामनाथन ने काफी सराहना की। उन्होंने वंदे भारत के नए टेस्ट सेटअप और 16 नव निर्मित मोटर की टेस्टिंग की तैयारी का निरीक्षण भी किया।

| PEOPLES SAMACHAR | Pub. Date | 27/03/2024 |
|---|---|---|
| | Page no. | 5 |
| | Journalist | BHOPAL |

# भेल में वंदे भारत ट्रेन सेटों के टेस्टिंग सिस्टम का उद्घाटन

पीपुल्स संवाददाता • भेल

editor@peoplessamachar.co.in

भेल के कार्यपालक निदेशक एसएम रामनाथन ने सेंटर फॉर इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन (सीईटी) में वंदे भारत ट्रेन सेटों के टेस्ट सेटअप के लिए कंबाइंड सिस्टम टेस्टिंग हेतु नव निर्मित टेस्टिंग प्लेटफॉर्म का उदघाटन किया।

इस मौके पर महाप्रबंधक द्वय आरएफ सिद्दीकी, आकाश दानी, अविनाश चंद्रा, आलोक सेंगर एवं अपर महाप्रबंधक द्वय इंद्रनील चट्टोपाध्याय, एमके भगत के साथ टीपीटीएन और एफसीएक्स विभाग से अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे। बीएचईएल को भारतीय रेल द्वारा वंदे भारत के 80 ट्रेन सेट कोच एवं प्रोपल्सन सिस्टम के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इसके लिए कंबाइंड सिस्टम टेस्टिंग, सीईटी लैब में करना तय किया है। एमसीएफ टेस्टसेट-अप की जगह वंदे भारत कंबाइंड सिस्टम टेस्टिंग बनाना चुनौतीपूर्ण था। लेकिन कस्टमर और साइट की मांग पर एमसीएफ और 20 सेट नॉन एसी ईएमयू प्रोजेक्ट को जारी रखते हुए वंदे भारत के लिए अतिरिक्त सेट-अप एक महीने से कम समय में सीईटी लैब में तैयार किया।

| RAJ EXPRESS | Pub. Date | 27/03/2024 |
|---|---|---|
| | Page no. | 4 |
| | Journalist | BHOPAL |

## भेल के छह अधिकारी व कर्मचारी रिटायर



भेल। बीएचईएलके प्रशासनिक भवन में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में राम्नाथन, कार्यपालक निदेशक ने डॉ. रामप्रकाश श्रृंगीऋषि, वरिष्ठ प्रबंधक, पीवाईएक्स, अनिल वर्मा, अधिकारी एचआरएम एवं 04 पर्यवेक्षकों को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि आप सभी अपने जीवन के द्वितीय पारी को सार्थक बनाएं और स्वस्थ रहते हुए अधिक से अधिक आनंद उठाएं। इस अवसर पर बी के सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी मौजूद थे । इधर भेल से 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उनका भेल असिस्टेंट इंजिनीयर्स एवं अधिकारी एसोसिएसन के अध्यक्ष महेश मालवीय, महासचिव आरके खरे, के विश्वनाथ ने विदाई देते हुए स्वागत किया ।

| SWADESH | Pub. Date | 27/03/2024 |
|---|---|---|
| | Page no. | 4 |
| | Journalist | BHOPAL |

# डिप्टी इंजीनियर संतोष सिंह को मिला सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा अवार्ड



स्वदेश संवाददाता, भोपाल

भेल भोपाल यूनिट के टीआरएम विभाग में पदस्थ डिप्टी इंजीनियर संतोष सिंह को सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा स्टेवर्ड अवार्ड 2023-24 बीएचईएल के कार्यपालक निदेशक एसएम रामनाथन ने प्रदान कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि यह अवार्ड टीआरएम विभाग के सेक्शन में बेहतर रखरखाव और सेफ्टी नियमों के पालन किये जाने पर दिया जाता है। सम्मान समारोह के मौके पर टीसीबी के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार महाजन, अपर महाप्रबंधक धमेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर महाप्रबंधक सुरक्षा हीरालाल भरानी सहित बीएचईएल के सभी महाप्रबंधक व अपर महाप्रबंधक आदि मौजूद थे। उनको अवार्ड मिलने पर बीएचईएल के कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी। गौरतलब है कि श्री सिंह इंटक यूनियन के वरिष्ठ नेता भी है।

| RAJ EXPRESS | Pub. Date | 27/03/2024 |
|---|---|---|
| | Page no. | 4 |
| | Journalist | BHOPAL |



## इंटक का होली मिलन समारोह आयोजित

भेल। हेम्टू इंटक यूनियन कार्यालय के प्रांगण में होली मिलन समारोह मप्र इंटक के अध्यक्ष आरडी त्रिपाठी की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में मप्र इंटक अध्यक्ष आरडी त्रिपाठी ने कहा की रंगों के इस पावन पर्व में सभी कर्मचारियों के जीवन में खुशियों का रंग भरा रहे। सभी स्वस्थ रहे मस्त रहे और सदैव ऊर्जा से भरे रहें। मिलन समारोह में भेल के ईडी एसएम रामनाथन,एचएमएस यूनियन के महासचिव अमर सिंह राठौर, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन आरिफ अहमद सिद्दीकी, इंटक प्रदेश महामंत्री रामराज तिवारी, भेल सुपरवाइजर एकता मंच के पूर्व अध्यक्ष केपी द्विवेदी, पूर्व पार्षद महेश मालवीय, कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला, यूथ इंटक अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी, मिडिया प्रभारी सी आर नामदेव, आर के हुरडे, धर्मेन्द्र अवस्थी, सी एम साहू, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, सुनील महाले, प्रदीप मालवीया, नीरज विश्वकर्मा, सतेंद्र शर्मा, संतोष कुमार, अजीत गौंड, ललित रायचंदानी, जीतेन्द्र मालवीया, अजय राठिया, रणजीत रजक आदि यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे।